# सतना-चित्रकूट सड़क मार्ग पर ट्रक और पिकअप की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल



सतना। सतना-चित्रकूट स्टेट हाईवे पर सोमवार को हुए सड़क हादसे में पिकअप वाहन सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों में से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सतना-चित्रकूट मार्ग पर मझगवां थाना क्षेत्र के देवलोक के पास सोमवार की दोपहर पिकप वाहन और ट्रक के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में पिकअप सवार राजाराम पांडेय पिता राम विष्णु पांडेय (38) निवासी मछरिया पुरवा पांडेय टोला शिवरामपुर चित्रकूट यूपी की मौके पर मौत हो गई, जबकि सत्यनारायण जायसवाल पिता



अमृतलाल जायसवाल (45) निवासी कर्वी गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके अलावा एक अन्य को भी चोट आई हैं। बताया जाता है कि राजाराम और सत्यनारायण खोवा का कारोबार करते हैं। सोमवार को खोवा लेकर पिकअप से तीन लोग सतना की तरफ आ रहे थे। दोपहर लगभग 12 बजे मझगवां थाना क्षेत्र के देवलोक के पास ट्रक ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। राजाराम और सत्यनारायण को जिला अस्पताल सतना लाया गया लेकिन यहां पहुंचने पर राजाराम को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एक अन्य घायल को मामूली चोट आई है।

## खबर संक्षेप

### विधानसभा निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस अफसर सम्मानित



सतना। विधानसभा निर्वाचन 2023 में उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर अनुराग वर्मा और एसपी आशुतोष गुप्ता ने यातायात थाना प्रभारी संतोष तिवारी को सम्मानित किया।इसी प्रकार निर्वाचन 2023 में उत्कृष्ट कार्य के लिए नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक सम्मानित किए गए।सतना कलेक्टर अनुराग वर्मा,मैहर कलेक्टर रानी बाटड,पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता की मौजूदगी में मैहर सीएसपी राजीव पाठक सम्मानित किया गया।

### दिव्यांग बच्चों को वितरित किये गए गर्म टोपे एवं मोजे



सतना। कोठी रोड ग्राम बराकला में स्थित प्रेम सदन दिव्यांग स्कूल जो कि मूक बाघिर बच्चों की शिक्षा के साथ साथ उनके सम्पूर्ण समाजिक विकास के लिए कार्य करती है वहाँ पहुंचकर समाजसेवियों द्वारा दिव्यांग बच्चों को गर्म टोपे एवम मोजे का वितरण किया गया। इस अवसर पर फाउन्डेशन के पदाधिकारी योगेश शर्मा, नीलाम्बर झा,अनिमेष गुप्ता,पंकज उर्मलिया,संजय गुप्ता माधोगढ़ एवं स्कूल के प्रबंधक फादर जोजी, सिस्टर एना,जिला कॉर्डिनेटर दीपक सिंह ,शिक्षिका विभा सिंह एवं मीना इत्यादि उपस्थित रहे। दिव्यांग बच्चों द्वारा स्वागत गीत एवं डांडिया नृत्य के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि दायित्व फाउन्डेशन काफी समय से इन बच्चों के लिए कार्य कर रहा है।

# अवैध रूप से जगह-जगह संचालित मांस और मछली की 64 दुकानों को कराया गया बंद

सतना। प्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देश के अनुपालन में शहर में अवैध रूप से चल रही मांस-मछली की दुकानों को बंद कराने की कार्यवाही नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा अतिक्रमण दस्ता, सफाई अमला के साथ पुलिस बल के सहयोग से की जा रही है। इन सभी दुकानदारों को भैंसाखाना एवं नजीराबाद के निर्धारित स्थल पर भिजवाया जायेगा। सुबह ननि की स्वच्छता विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न वार्डों में भ्रमण करके 64 दुकानें बंद करायीं।नगरनिगम के स्वास्थ्य अधिकारी बृजेश मिश्रा के नेतृत्व में सुबह स्वास्थ्य निरीक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से चलाई जा रही मांस-मछली की 64 दुकानों को बंद कराया गया।इनको नगर निगम की टीम द्वारा हिदायत दी गयी है कि यदि स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम प्रशासन की अनुज्ञा शर्तों के विपरीत अवैध रूप से मांस-मछली का व्यवसाय करते कोई भी व्यक्ति पाया जायेगा तो उसके खिलाफ नगर निगम अधिनियमों के तहत कार्यवाही की जायेगी।

### पुलिस फोर्स के साथ औचक निरीक्षण

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि शाम को साढ़े 6 बजे से पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस बल के सहयोग से अतिक्रमण दस्ता व सफाई कर्मचारियों के सहयोग से चिन्हित अवैध मांस-मछली दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। शहर के किसी भी वार्ड में अवैध मीट शॉप पाये जाने पर संबंधित व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है।

24 घंटे के अंदर दुकानें बंद करने नगर निगम ने जारी किया था नोटिस

### नगर निगम प्रशासन द्वारा गत 12


दिसंबर को अवैध रूप से खुले में मांस-मछली विक्रय करने वाले दुकानदारों को 24 घंटे के अंदर दुकानें बंद करने का नोटिस देते हुए निर्देशित किया था कि वे भैंसाखाना व नजीराबाद स्थित नगर निगम द्वारा निर्धारित मांस-मछली विक्रय स्थलों पर ही दुकानें संचालित करें। किन्तु इस निर्देश के बावजूद मांस-मछली विक्रेताओं द्वारा नगर पालिक अधिनियम की सभी शर्तों का उल्लंघन करते हुए मनमाने ढंग से शहर के विभिन्न स्थानों पर खुले तौर पर मांस-मछली का व्यापार किया जा रहा है।

# प्रिज्म जॉनसन को जल संरक्षण के लिए सम्मान




सतना। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड को वाटर ऑप्टिमाइजेशन (बियॉन्ड द फेंस) के क्षेत्र में भारतीय उद्योग परिसंघ (त्रिवेणी जल संस्थान) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। दिल्ली के होटल ललित में आयोजित हुये दो दिवसीय समाहरोह में प्रिज्म परिवार की ओर से सुश्री अंकिता सिंह परिहार (पर्यावरण विभाग) एवं सुश्री सरिता दास (खनिज विभाग) ने यह पुरुस्कार ग्रहण किया। इस समाहरोह में त्रिवेणी जल संस्थान के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर निखिल स्वासने, भारत में फिनलैंड के राजदूत किम्मो लाहदेविर्ता,भारतीय जल मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग के सचिव विनि महाजन,आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय,भारत सरकार के उपसचिव म.स.डी थारा एवं नीति आयोग के सदस्य प्रो.रमेश चंद्र उपस्थित रहे।उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुये प्रिज़्म के ए.जी.एम.जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि त्रिवेणी जल संस्थान द्वारा यह पुरुस्कार प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड को अपने प्लांट एवं माइन्स परिसर के बाहर किए गए जल संरक्षण के कार्यों हेतु प्रदान किया गया। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा विगत वर्षों में जल संगरक्षण के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित जलाशयों का नवीनीकरण,नए जलाशयों का निर्माण, बारिश के पानी के संगरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण इत्यादि कराया गया हैं। घर-घर में रूफ टॉप रेन वाटर हारवेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण एवं पानी संरक्षण के लिए समय समय पर द्वारा विभिन्न प्रोग्राम आयोजित किये जाते हैं। कंपनी के कार्यकारी निदेशक विवेक अग्निहोत्री ने किये गए जल संरक्षण के प्रयासों की सराहना की एवं शुभकामनायें दी।

# ट्रक में आग लगी, दमकल कर्मियों ने घंटों मशक्कत कर बुझाई



### इलेक्ट्रिक केबिल से लोड़ था ट्रक

सतना। कोलगवां थाना क्षेत्र के बरदाडीह इलाके में एक ट्रक देखते ही देखते धुएं और आग की लपटों से घिर गया। आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सतना शहर के बरदाडीह क्षेत्र में सोमवार की दोपहर एक ट्रक धुएं और आग की लपटों से घिर गया। आसमान तक उठते काले धुएं और आग की लपटें देख कर लोग धमाके की आशंका से भयभीत हो गए। हालांकि तमाशबीनों की भीड़ लगी रही लेकिन कोई भी पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। आनन फानन में फायर ब्रिगेड को सूचना देकर दमकल वाहन बुलाए गए। दमकल कर्मियों ने कोशिशें शुरू की लेकिन आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। बताया जाता है कि ट्रक में बिजली की केबिल के ड्रम लोड थे। आग लगने पर तार के ऊपर लगी मोटी रबड़ जलने लगी,जिसके चलते आग पर काबू पाने में दमकल कर्मियों को 6 दमकल वाहनों की मदद से घंटो मशक्कत करनी पड़ी। पूर्व पार्षद एवं कांग्रेस नेता राजदीप सिंह मोनू ने बताया कि जिस ट्रक में केबिल लोड की गई थी वह सीएनजी वाला ट्रक था। इस ट्रक में केबिल के ड्रम लोड थे। ट्रक ड्राइवर रास्ता भटक गया और बरदाडीह तरफ जा पहुंचा। यहां वह ट्रक बैक करने लगा इसी दौरान ट्रक ऊपर से जा रही एलटी लाइन से छू गया। ट्रक में आग नीचे से लगी। सबसे पहले उसमे लगे सीएनजी सिलेंडर जलने लगे फिर टायर ने आग पकड़ ली और ट्रक धूं-धूं कर जलने लगा।

# किसान एफपीओ की महत्ता को समझकर सक्रिय भूमिका के लिए तैयार हों: मुख्य महाप्रबंधक



सतना। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के मुख्य महाप्रबंधक (सी.जी.एम.) सुनील कुमार दो दिवसीय प्रवास पर सतना आए। सतना के मझगवॉ विकासखण्ड में नाबार्ड के सहयोग से केन्द्रीय क्षेत्र की 10000 एफ.पी.ओ. गठन व संवर्धन योजना के अंतर्गत गठित उद्यमशील एग्रो फार्मर्स प्रोड्यूसर कं.लि.के द्वारा व्यवसायिक गतिविधि हेतु स्थापित मिनी दाल मिल यूनिट का सी. जी. एम. के द्वारा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उनके साथ नाबार्ड के महाप्रबंधक पंकज यादव,अनुपमा एजुकेशन सोसायटी के संचालक डा.प्रमोद तिवारी,डा.यू.एस. शर्मा संचालक(ग्रामीण विकास) भी उपस्थित रहे। उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक पंकज यादव ने कहा कि केवल कंपनी के शेयर खरीदने मात्र से कंपनी बनाने का लाभ नहीं मिलेगा। कंपनी गठन का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब आप कंपनी की समस्त



गतिविधियों से जुड़ाव बनाएँ और सामूहिक योजना के अनुसार उत्पादन करें। साथ ही यह कंपनी आपको विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने में भी सहयोग करेगी। इससे पूर्व डा.प्रमोद तिवारी ने अपने स्वागत उद्बोधन के दौरान कंपनी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई।डा.यू.एस. शर्मा ने सी.जी.एम एवं जी.एम.को किसानों के उत्पाद में वृद्धि में के लिए किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया।नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक एवं प्रबंधक ने बराकला में अनुपमा एजुकेशन सोसायटी द्वारा स्थापित ए.पी.एस. एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट की प्रयोगशाला एवं आइरिस इण्टरनेशनल कैम्पस का भ्रमण किया और संस्था के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान कंपनी के डायरेक्टर्स राजकुमार गुप्ता,राजकुमार जायसवाल,शंकरलाल विश्वकर्मा,प्रदीप गुप्ता कंपनी के सी.ई.ओ.विजय द्विवेदी सी.बी.बी.ओ.प्रतिनिधि नागेन्द्र त्रिपाठी एवं सैकडों की संख्या में कंपनी के अंश धारक उपस्थित रहे।अनुपमा एजुकेशन सोसायटी सतना द्वारा गठित उद्यमषील एग्रो एफ.पी.ओ. मझगवॉ विकास खण्ड के 19 ग्रामों में कार्य कर रही है। वर्तमान में इस कंपनी में 530 किसान अंशधारक के रूप में जुड़ चुके हैं। कंपनी द्वारा किसानों के दलहन उत्पाद अरहर एवं चना की खरीदी कर दाल बनाने की योजना के लिए मिनी दाल मिल की स्थापना की गई।

# मुक्तिधाम की जमीन भी नहीं छोड़ी भूमाफियाओं ने





### अतिक्रमण हटाने को लेकर वार्डवासियों ने कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को दिया ज्ञापन

सतना। सतना नगर के कई हिस्सों में अतिक्रमण कर कब्जा करने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इससे स्वतः ही अंदाजा लगता है कि जिम्मेदारों की अनदेखी हो रही है। लेकिन यही उदासीनता शहर के नाले, सार्वजनिक स्थल,शासकीय जमीन आदि को अवैध कब्जों में तब्दील करती जा रही है। सतना कृपालपुर वार्ड 16 में पूर्व पार्षद द्वारा बनवाया गया मेटहना रोड के किनारे शासकीय आराजी 1086,87 में मुक्तिधाम का निर्माण कार्य हुआ था। उक्त भूमि पुस्तैनी रूप से श्मशान भूमि के रूप में वार्डवासियों द्वारा उपयोग की जा रही है। उक्त शासकीय भूमि को तत्कालीन हल्का पटवारी द्वारा नापकर बताया गया था,कि उक्त दोनों आराजी नंबर का रकवा 1 एकड़ 11 ढिस्मिल है,सीमा भी बताई गई थी। पिछले वर्ष स्मार्टसिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत मुक्तिधाम कि बाउंड्रीबाल बनाई गई है। बाकी शेष शासकीय भूमि नवजात शिशु अथवा छोटे बच्चों को मृत्यु उपरान्त मिट्टी देने के लिये छोड़ दी गई थी। करीब 3-4 दिन पूर्व उक्त मुक्तिधाम कि शासकीय शेष आराजी में अज्ञात भूमाफियाओं द्वारा मिट्टी हाइवा से डलवाकर कब्ज़ा किया जा रहा है। जिसको लेकर वार्ड वासियों ने सतना कलेक्टर और नगर निगम कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण हटाने की मांग की है। अब देखना होगा कि मुक्तिधाम की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण पर कब कार्यवाही करते हैं।

## सतना के लाल की खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में मची धूम



सतना। शहर के घूरडांग निवासी नीरज सेन आज मनोरंजन की दुनिया का उभरते हुए सितारे हैं। नीरज सेन अभिनीत लघु फिल्म 'मुंबई एवरीडे' का 16 से 22 दिसंबर तक खजुराहो में आयोजित 9वें खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2023 के लिए आधिकारिक तौर पर चयन हुआ है और 17 दिसंबर को फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग हुई जिसे खूब वाह वाही मिली। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बर्मन ने किया है। जल्द ही नीरज फिल्म 'नीरजा' के निर्देशक राम माधवानी द्वारा निर्देशित वेब सीरीज 'वेकिंग ऑफ नेशन' और अखिल सचदेवा द्वारा निर्देशित फिल्म 'हजामत' में नजर आएंगे।

### पहले भी बड़ी फिल्मों में आए नजर

नीरज ने कम समय में ही फिल्मी दुनिया में अच्छी सफलता हासिल की है। नीरज हाल ही में अक्षय कुमार की फिल्म 'मिशन रानीगंज',लोकप्रिय वेबसीरीज 'खाकी द बिहार चैप्टर' और 'जहानाबाद' में भी नजर आए थे। झांसी स्थित बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय से मास कम्युनिकेशन और फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, ईटानगर कैंपस से रंगमंच की शिक्षा प्राप्त करने वाले नीरज शंखनाद फाउंडेशन फॉर सोशल कल्चरल सोसाइटी सतना,लोकरंग नाट्य समिति सतना,झांसी इप्टा,अमेजिंग थिएटर थॉट दिल्ली आदि से जुड़े रहे हैं। नीरज ने कुछ फिल्मों में सहायक निर्देशक के रूप में भी काम किया हैं। इस बड़ी उपलब्धि के लिए शंखनाद फाउंडेशन के अध्यक्ष विकास सोनी ने आभार व्यक्त किया है।

## समस्याओं से लड़ते हुए अपने लक्ष्य प्राप्त करने वाली स्मार्ट वूमनः नंदिता पाठक

सतना। स्मार्ट वूमन कनेक्ट विषय पर डॉ.नंदिता पाठक द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन अनुपमा हायर सेकेण्ड्री स्कूल में किया गया। डॉ.नंदिता पाठक एक सामाजिक कार्यकर्ता के साथ साथ भारत ही नहीं विश्व की अग्रणी महिला के रूप में जानी जाती है। सर्वप्रथम डॉ.नंदिता द्वारा स्मार्ट वूमन पर कार्यक्रम में उपस्थित संस्था पदाधिकारियों एवं शिक्षिकाओं की राय ली गई कि स्मार्ट वूमन वे किसे मानती है। सबने अपने अपने विचार व्यक्त किए गए। तत्पश्चात डॉ.नंदिता ने कहा कि जहाँ महिलाओं की पूजा होती है वहीं सारे देवता बसते है और यदि पति का साथ हो तो एक महिला सब कुछ जीत सकती है। जो महिला सर्वे भवन्तु सुखिनाः सर्वे सन्तु निरामया जैसी सोच रखती है वही स्मार्ट महिला कहलाती है। सुषमा स्वराज जैसी आत्म निर्भर महिला हर महिला को बनना चाहिए। जो महिला अपने काम के प्रति सजग है, जो निजी जीवन की समस्याओं से जूझते हुए भी समाज के लिए कुछ करने का जजबा रखे वो स्मार्ट वूमन है। जो आत्मनिर्भर है और जिसमें निर्णय लेने की क्षमता है वो स्मार्ट वूमन है। लेकिन सबके सहयोग से ही स्मार्ट वूमन बना जा सकता है। उन्होनें सभी महिलाओं को अपने आसपास की कम से कम 10 महिलाओं को स्मार्ट वूमन बनाने की बात कही। अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी के संचालक डॉ प्रमोद तिवारी ने कहा कि मेरे विचार में स्मार्ट महिला का प्रभाव सभ्यता को मापने के लिए पर्याप्त है। उन्होनें नानाजी देषमुख जी के आदर्षों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन आभा गुप्ता द्वारा किया गया।

**खबर संक्षेप**



## वैश्य फेडरेशन ने वार्षिक कैलेंडर का किया विमोचन, नव नियुक्त पदाधिकारी का स्वागत समारोह संपन्न

**अमानगंज।** 17 दिसंबर को गहोई धर्मशाला में वैश्य फेडरेशन तहसील इकाई अमानगंज द्वारा सर्व समाज सम्मेलन एवं वार्षिक कैलेंडर का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंच संचालन करते हुए नीरज बडेरिया द्वारा मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम का विषय रखा। तत्पश्चत वैश्य समाज के विभिन्न पदाधिकारियों ने व्यापार के माध्यम से समाज को एवं देश को मजबूत करने वाली सर्व वैश्य समाज को एकजुट होने के लिए कहा गया। साथ ही इस मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का भी फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष सारिका खटीक, गहोई समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष गोविंद प्रसाद छिरोल्या, रामस्वरूप छिरोल्या, लल्लू लाल रावत, हरिकांत रेजा, युवा मंडल अध्यक्ष शुभम रेजा , वार्ड पार्षद अंकित मौर्य, सोनू ताम्रकार, रामू सोनी, डॉ राघव ताम्रकार आदि तमाम सामाज सेवी मौजूद रहे।


**शिक्षा विभाग में अपनों से ही परेशानी के हालात आखिर कब तक**

# शासन के आदेश के बाद भी जिले में शिक्षकों की क्रमोन्नति लगाने में बिलंब का कारण समझ से परे?



लम्बे समय के बाद शासन के द्वारा जहां शिक्षकों की क्रमोन्नति के आदेश शासन के द्वारा जारी किये गये। पर जिले में आदेश का क्रियान्वयन करने को लेकर जिम्मेदार बेखबर आखिर क्यों? दास्ता यहां लम्बे अर्से से चर्चा में रहती है शिक्षा विभाग में अपनों से अपनो को ही छोटी मझली बड़ी मझली जैसा सिद्धांत कारगर रहता है तभी तो क्रमोन्नति के आदेश शासन से होने के बाद भी कियान्यन करने को लेकर जिम्मेदार गुरेज कर रहे है। जिससे शिक्षकों में असंतोष के हालात।

**पन्ना।** जिले में शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली आये दिन चर्चा में रहती है यहां विभागो की बात करें तो यह विभाग अपने आप में सबसे बड़ा विभाग माना जाता है। शिक्षक की भूमिका शिक्षा प्रदान करने को लेकर जहां प्रमुख मानी जाती है। वहीं शिक्षकों की उन्नति या क्रमोन्नति के हालात कब मिल सके इसके लिए भी इंतजार लम्बा माना जाता है। वहीं सूत्रों की माने तो शासन के द्वारा शिक्षकों की क्रमोन्नति के आदेश का भी समय से कर दिये गये। पर जिले में क्रमोन्नति के आदेश को तरजीह नहीं दी जा रही। उसे क्रियान्वयन करने में जिम्मेदारों को गुरेज है। यहां यह कहनें में अतिश्योक्ति नहीं है कि शिक्षा विभाग में छोटी मछली को जिस तरह से बड़ी मछली अपना शिकार बनाने में का कार्य करती है उसी तरह शिक्षा विभाग में अपनों को ही परेशान करना याकि उसका ही शिकार करना पसंद किया जाता है तभी तो यहां आये दिन चर्चायें तरह-तरह से व्याप्त रहती हैं आखिर शासन के द्वारा जब क्रमोन्नति के आदेश जारी कर दिये गये है तो फिर जिन शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ मिलना है जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा क्रियान्वयन में देरी आखिर क्यों की जा रही है क्या इन शिक्षकों से भी कुछ उम्मीदें हितलाभ से जुड़ी होने को लेकर मानी जाये। आखिर अपनों को ही समय पर विभाग के अधिकारियों द्वारा लाभ की जगह नुकसान पहुंचाने के हालात क्यों कायम किये जाते है। क्या इससे विभाग में समन्वय रहेगा या कि असंतोष के हालात सामने आयेगें। आखिर शिक्षा विभाग शिक्षकों की भूमिका से अपनी पहचान को लेकर जाना जाता है। फिर शिक्षकों को ही परेशान करने को लेकर जिम्मेदार अधिकारी कब बाज आयेगें। आखिर यहां हालात आये दिन तरह-तरह से चर्चाओं में व्याप्त रहते है इतना ही नहीं कई बार तो किसी का पेंशन प्रकरण हो तो किसी का एरियर्श हो फिर भी उन्हीं के पैसे पर विभाग को देने में लम्बा समय तय करने की आदत सुमार हो चुकी है यहां शिक्षकों को परेशान करने की बात कहें या कि इनसे ही कुछ पाने को लेकर यह कार्यप्रणाली अपनाई जाती है आखिर कार जिम्मेदारों पर क्या कार्यप्रणाली को लेकर जिले के संवेदनशील कलेक्टर के द्वारा कभी समीक्षा करते हुए हालात पर गौर किया जायेगा ताकि शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली सुधार की दिशा तय कर सके। आखिर आये दिन किसी भी विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर वरिष्ठ अधिकारी निरीक्षण करते है शिक्षकों के कर्तव्यों व दायित्वों को तो ध्यान दिया जाता है पर उन्हें उनके हित लाभ जब मिलने होते है तो समय पर देने में गुरेज क्यों? आखिर शासन के द्वारा जब क्रमोन्नति के आदेश जारी कर दिये गये तो जिले में क्रियान्वयन करने में आखिर परहेज क्यों किया जा रहा है यह तो जिम्मेदार ही जाने। वहीं पड़ोसी जिलों में शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ मिलने लगा तो पन्ना जिले में निश्चित ही शिक्षकों में असंतोष के हालात आखिर क्यों न तय हो जब शासन के द्वारा आदेश कर दिये तो वहीं जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा भी इसे कार्यवाही की दिशा आगे बढ़ाने की तय की गई फिर भी जिनकी भूमिका से क्रियान्वयन के बाद लाभ मिलना है वहीं अधर में हालात आखिर कब होगा सुधार। ताकि शिक्षकों को मिले क्रमोन्नति का लाभ।



मध्यप्रदेश शासन
वित्त विभाग
वल्लभ भवन, मंत्रालय भोपाल

क्रमांक 15592537 /2023/नियम/चार — भोपाल, दिनांक 5/10/2023

प्रति,
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
वल्लभ भवन, भोपाल

विषय :- मध्यप्रदेश राज्य की सिविल सेवा के सदस्यों को सेवा में आगे बढ़ने के निश्चित अवसर उपलब्ध कराये जाने हेतु समयमान वेतनमान (Time Scale Pay) उपलब्ध कराने बाबत।

संदर्भ :- वित्त विभाग के परिपत्र क्र. एफ 11/1/2008/नियम/चार, दिनांक 24.01.2008.

—00—

राज्य की सिविल सेवा के सदस्यों को आगे बढ़ने के निश्चित अवसर उपलब्ध कराये जाने की दृष्टि से वित्त विभाग के संदर्भित ज्ञाप की अपेक्षा अनुसार अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग की अध्यक्षता में गठित समिति की परिचयन बैठक में वित्त विभाग के परिपत्र दिनांक 24.01.2008 के परिशिष्ट-2 में स्कूल शिक्षा विभाग के निम्नांकित संवर्ग/पदनाम को भी सम्मिलित किये जाने की अनुशंसा की गई है।

2/- उपर्युक्त अनुशंसा के अनुक्रम में निम्नानुसार संवर्ग/पदनाम को परिशिष्ट-2 में सम्मिलित किया जाता है :-

विभाग :- स्कूल शिक्षा विभाग

| क्र. | संवर्ग/पदनाम | वर्ग | नियुक्ति दिनांक | 10 वर्ष में प्रथम | 20 वर्ष में द्वितीय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उच्च माध्यमिक शिक्षक | [illegible] | लेवल - 9 | लेवल - 10 | लेवल - 12 |

# नैतिक मूल्य जीवन को श्रैष्ठ बनाते हैंः ब्रम्हाकुमारी बहन जी




**पन्ना।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विधालय पन्ना द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास अजयगढ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ब्रम्हाकुमारी बहन जी ने सभी को जीवन में नेतिक मूल्यों का महत्व समझाते हुये कहा की आज व्यक्ति जीवन में सब कुछ प्राप्त होने के बाद भी सफल नही हो पा रहा है। क्योकि व्यक्ति के अन्दर नैतिक मूल्य घट रहें है। जैसे जैसे नैतिक मूल्य कम होते जा रहे है। वैसे ही जीवन का मूल्य भी घटता जा रहा है। उन्होने सभी बच्चीयों को सफलता का महा मंत्र बताया की हमें सफलता तभी मिल सकती है। जब हम समय का दुरपयोग ना कर उसे अपने लक्ष्य को पूर्ण करने में लगायेंगे। नैतिक मूल्य ही हमारे जीवन को श्रैष्ट बनाते है। हमें अपने जीवन में अज्ञाकारी , सत्यता, अनुशासन, सभ्यता, ईमानदारी, जैसे अनैक मूल्यों को धारण करना है। कार्यक्रम में छात्रावास संचालिका श्रीमति सुमन सिंह ने बच्चों को नैतिक मूल्यो को धारण करने की प्रेरणा दी एवं कार्यक्रम की सरहना की।

**जीवन को नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यो से श्रृंगारित करें**

# डीजे, मैरिज गार्डन और होटल संचालकों के साथ की बैठक



**पन्ना।** एसडीएम अशोक अवस्थी एवं कोतवाली थाना प्रभारी रोहित मिश्रा द्वारा आज स्थानीय पुलिस कंट्रोल रूम में डीजे, मैरिज गार्डन और होटल संचालकों के साथ बैठक कर धार्मिक स्थल और अन्य स्थानों पर निर्धारित मापदण्ड से अधिक अवाज में डीजे बजाने पर प्रतिबंध के बारे में अवगत कराया गया। इसके अलावा डीजे के अवैधानिक उपयोग के संबंध में भी बैठक में जानकारी दी गई। एसडीएम ने इस संबंध में शासन के निर्णय से संचालकों को अवगत कराया तथा निर्धारित प्रावधान और सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया। बताया गया कि शासन द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही लाउडस्पीकर और डीजे इत्यादि का उपयोग किया जा सकेगा। तेज आवाज में और बगैर अनुमति के इनके उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। अवैधानिक उपयोग की जांच के लिए उड़नदस्ता दल भी गठित किए जाएंगे। दल द्वारा आकस्मिक निरीक्षण कर नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी। ध्वनि प्रदूषण के मामलों की सतत निगरानी भी होगी और अवैधानिक प्रयोग के संबंध में शासन को प्रतिवेदन भेजा जाएगा।

# द्वारी ग्राम पंचायत पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को गंभीर बीमारी के बचाव हेतु जानकारी दी**




**अमानगंज।** ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अमित मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि पन्ना जिले के अमानगंज तहसील अंतर्गत आने वाली द्वारी ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची जहां यात्रा में क्षेत्रीय विधायक राजेश वर्मा मौजूद रहे जिन्होंने जनता जनार्दन को संबोधित किया एवं मौके पर ही हित लाभ दिया गया तो वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लोगों को गंभीर बीमारी के बचाव हेतु जानकारी दी गई। साथ ही निश्चय मित्र बनाए गए एवं टीवी मरीज सहित उन मरीजों को दबाए वितरित की गई साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर ही लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाये। इस दौरान गुनौर विधायक राजेश वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुदामा पटेल, विशाल सिंह भदोरिया, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अमित मिश्रा सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का जमीनी स्तर तक क्रियान्वयन सुनिश्चित हो : कलेक्टर



## मॉनिटरिंग के साथ दायित्वों का बेहतर तरीके से करें निर्वहन

**पन्ना।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई टीएल बैठक में विभागीय अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा का जमीनी स्तर तक क्रियान्वयन कराने और अपेक्षा अनुरूप कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। साथ ही अधिकारियों को मॉनिटरिंग के अलावा सौंपे गए दायित्वों का बेहतर तरीके से निर्वहन के लिए भी निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा की 40 दिवसीय कार्ययोजना अनुसार गतिविधियों की सघन मॉनीटरिंग के साथ अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को नियमित रूप से यात्रा के आगमन के दौरान और शिविर स्थल पर उपस्थित रहकर दायित्व निर्वहन के लिए निर्देशित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान लोगों को विकसित भारत के निर्माण की शपथ सहित कृषकों, महिलाओं, श्रमिक वर्ग और युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित कर महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी विभागीय स्टॉल के जरिए प्रदान करें। ड्रोन फ्लाई एक्टिविटी के माध्यम से कृषकों को कृषक हितैषी योजनाओं व गतिविधियों के बारे में जागरूक करें। कलेक्टर ने कहा कि यात्रा व शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार कर प्रतिदिन की यात्रा संबंधी गतिविधियों से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की मॉनीटरिंग भारत सरकार द्वारा एवं राज्य स्तर पर भी की जा रही है। इसलिए प्रतिदिन लॉग इन आईडी से पोर्टल पर डाटा एंट्री कराना भी सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायतों में यात्रा के पहुंचने पर हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी-मेरी जुबानी, विकसित भारत शपथ, क्विज प्रतियोगिता और अन्य गतिविधियां संपादित करने, लीड बैंक अधिकारी को बैंकिंग स्टॉल के जरिए 18 वर्ष एवं अधिक आयु के नागरिकों के जनधन खाता खोलने, मैदानी स्तर के अधिकारियों द्वारा समन्वय के साथ कार्य करने तथा सभी एसडीएम को जनपद स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को सामाजिक सुरक्षा पेंशन और दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए शिविर लगाने सहित आगामी दिवसों में विकासखण्डवार एलिम्को के सहयोग से कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित करने के लिए भी कहा। इसी तरह पीएम आवास योजना के शत प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करवाने के लिए भी निर्देशित किया गया। आगामी बैठक में विभागवार आगामी कार्ययोजना पर समीक्षा के निर्देश भी दिए। जल संसाधन विभाग से संबंधित भू-अर्जन प्रकरण के मामलों में एसडीएम को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन सहित लोक सेवा गारण्टी योजना के प्रकरणों में तत्परतापूर्वक समय-सीमा में कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। विभागवार हितग्राहीमूलक प्रकरणों में बजट की अनुपलब्धता के मामले में शासन स्तर पर पत्राचार के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण की समीक्षा के दौरान विभागवार लंबित एवं खराब श्रेणी के मामलों में आवश्यक कार्यवाही कर समयावधि में प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही हितग्राही के पात्रता मापदण्ड पूर्ण होने पर त्वरित रूप से लाभ प्रदान करने के निर्देश भी दिए। धान उपार्जन कार्य की समीक्षा के दौरान अन्य राज्यों से जिले में परिवहन पर सख्ती से रोक लगाने तथा रैपुरा खरीदी केन्द्र से संबंधित मामले में समस्या निराकरण के निर्देश भी संबंधित विभाग के अधिकारी को दिए। उप संचालक पशुपालन को विभाग की योजनाओं का यात्रा के दौरान प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नगरीय क्षेत्र में यात्रा के भ्रमण के दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा के दृष्टिगत आवश्यक कार्यवाही के लिए कहा। जिला कलेक्टर ने टीएल बैठक में अधिकारियों को विकसित भारत के निर्माण के लिए शपथ भी दिलाई। टीएल बैठक में जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, एसडीएम अशोक अवस्थी एवं राहुल सिलाड़िया, डिप्टी कलेक्टर रोहित वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अन्य नगरीय निकायों के सीएमओ, जनपद पंचायत सीईओ और तहसीलदार भी वर्चुअली शामिल हुए।



# पन्ना में नर बाघ के गले में मिला क्लच वायर का फंदा, मचा हड़कंप

## क्या पीटीआर में फिर होने लगी शिकारियों की घुसपैठ ? यह घटना वन्य जीव प्रेमियों के लिए चिंता का विषय



**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व में 8 साल के एक नर बाघ के गले में क्लच वायर का फंदा फंसा हुआ मिला है, जिससे पन्ना टाइगर रिजर्व में हड़कंप मचा हुआ है। बाघ पी-243 पन्ना टाइगर रिजर्व का सबसे बड़ा डोमिनेंट बाघ है, जिसका मूवमेंट तीन रेंजों में देखा गया है। बाघ के गले में क्लच वायर का फंदा कैसे फंसा, यह अभी रहस्य है। लेकिन पन्ना टाइगर रिजर्व में शिकारियों के घुसपैठ की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा रहा। उल्लेखनीय है कि नर बाघ के गले में फंदा लगा होने की खबर सबसे पहले पर्यटकों को तब लगी जब उन्होंने बाघ को इस हालत में घूमते हुए जंगल में देखा। फंदा फंसे बाघ का वीडियो गत रविवार को सामने आने पर पार्क प्रबंधन सक्रिय हुआ और इस नर बाघ को आनन-फानन ट्रेंकुलाइज करके फंदे से मुक्त किया गया। बताया गया है कि क्लच वायर का फंदा काफी टाइट था, जिससे बाघ के गले में घाव भी हो गया है। उपचार के बाद बाघ को खुले जंगल में फिर से छोड़ दिया गया है। इस मामले में पन्ना टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक बृजेंद्र कुमार झा का कहना है कि मामले की जांच हेतु टीम गठित की गई है। बाघ के मूवमेंट वाले इलाके की सर्चिंग की जा रही है। जांच में डाग स्क्वायड की भी मदद ली जा रही है। यहाँ बताना यह जरुरी है कि पन्ना टाइगर रिजर्व बाघ पुनर्स्थापना योजना की चमत्कारिक सफलता के बाद से दुनिया भर के वन्य जीव प्रेमियों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वर्ष 2009 में यह टाइगर रिजर्व बाघ विहीन हो गया था, फल स्वरुप बाघों को यहां फिर से आबाद करने के लिए तत्कालीन पार्क प्रबंधन द्वारा सार्थक पहल व प्रयास हुए। नतीजतन जन समर्थन से बाघ संरक्षण का पन्ना टाइगर रिजर्व एक अनूठा उदाहरण बन गया। लेकिन अब जिस तरह से बाघों के गले में फंदे लगे मिल रहे हैं, उससे एक बार फिर से वर्ष 2009 के पहले वाले हालात नजर आने लगे हैं। निश्चित ही यह वन्य जीव प्रेमियों के लिए चिंता का विषय है। पार्क प्रबंधन को इसे बेहद गंभीरता से लेना चाहिए, ताकि इस तरह की अप्रिय स्थितियां न बनें।

पन्ना टाइगर रिजर्व का नर बाघ पी-243 अपने भारी भरकम डील डौल के चलते जहाँ आकर्षण का केंद्र रहता है वहीं इस बाघ में कुछ ऐसी विशिष्टताएं भी देखी गई हैं जो दुर्लभ है। दो वर्ष पूर्व मई 2021 में बाघिन पी 213-32 की अज्ञात बीमारी के चलते मौत हो गई थी, उस समय इस बाघिन के तक़रीबन 7-8 माह के चार शावक थे जो मां की असमय मौत होने पर अनाथ हो गए। ऐसे समय जब इन अनाथ व असहाय शावकों के बचने की कोई सम्भावना नहीं थी उस समय इसी नर बाघ ने इन शावकों को न सिर्फ सहारा दिया बल्कि मां की तरह उनकी परवरिश भी की। इसका परिणाम यह हुआ कि चारो नन्हे शावक खुले जंगल में चुनौतियों के बीच अपने को बचाने में कामयाब हुए। नर बाघ पी-243 का व्यवहार शावकों के प्रति बहुत ही प्रेमपूर्ण और अच्छा था। वह अपने इलाके में घूमते हुए इन शावकों पर भी कड़ी नजर रखता था। खास बात यह थी कि बाघिन (जीवन संगिनी) की मौत के एक माह गुजर जाने पर भी नर बाघ ने शावकों की परवरिश के लिए जोड़ा नहीं बनाया। बाघ का इलाका चूँकि काफी बड़ा और फैला हुआ था, जिसकी वह सतत निगरानी भी करता रहा। लेकिन दो दिन से ज्यादा वह शावकों के रहवास स्थल से दूर नहीं रहता। नर बाघ की गतिविधि पर नजर रखने वाले मैदानी वन कर्मियों के मुताबिक वह शावकों की देखभाल करने में पूरी रुचि लेता रहा है। बाघ पी-243 शावकों के क्षेत्र में शिकार करके उनके भोजन का भी इंतजाम करता था। बाद में चारो शावक बड़े होकर दक्ष शिकारी बन जंगल में चुनौतियों और खतरों के बीच जीने में सक्षम हो गए।

## खबर संक्षेप

### प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवक ने उठाया आत्मघाती कदम

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम ललौनी निवासी युवक ने अज्ञात कारणों के चलते सोमवार को आत्मघाती कदम उठा लिया और अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया गया है कि ललौनी निवासी भूरे अहिरवार का 24 वर्षीय पुत्र अनिल अहिरवार बीकॉम और आईटीआई करने के बाद वर्तमान में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। मृतक के भाई राजेन्द्र के मुताबिक बीती रात पूरा परिवार एक शादी समारोह में गया हुआ था। घर के सदस्य जब वापिस लौटे तो अनिल फांसी के फंदे पर लटकता मिला। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। अनिल ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसके पीछे की वजह अभी सामने नहीं आई है।

### सीएम के आदेश पर मंदिर से हटाए गए लाउड स्पीकर



**ईशानगर।** मध्यप्रदेश के नए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार धार्मिक स्थलों पर लगे लाउड स्पीकर को हटाने की मुहिम कस्बे में भी शुरु हो गई। सोमवार को ईशानगर में पुलिस टीम ने मंदिर-मस्जिदों पर लगाए गए लाउड स्पीकर अपनी मौजूदगी में हटवाए। थाना पुरिसर के श्रीराम राजा मंदिर सहित अन्य मंदिर-मस्जिदों में लाउड स्पीकर हटाने की कार्यवाही की गई। इस दौरान थाना प्रभारी गुरुदत्त शेषा, प्रधान आरक्षक जगवेन्द्र सिंह, संतोष चौरसिया, भूपेंद्र सिंह सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

### प्रदान संस्थान महिला समूह को दिखाई जल संरक्षण की संरचनाएं



**छतरपुर।** जिले के राजनगर विकासखंड अंतर्गत काम कर रही प्रदान संस्था ने क्षेत्र के ग्राम बैडरी में आईएनआरएम के तहत बनाए गए किसानों के खेतों में खेत तालाब के स्ट्रक्चर, जल अन्य ग्रामों की महिलाओं को भ्रमण कर दिखाएं। संस्था का उद्देश्य है कि इसी प्रकार के स्ट्रक्चर देखकर महिलाएं प्रभावित हो खास तौर पर महिला किसान जो कृषि क्षेत्र से जुड़े हैं। वह अपने ग्रामों में भी इस प्रकार के काम करवाने में रुचि ले ताकि ग्रामों का जलस्तर बढ़ सके खेतों में फसल के लिए पानी उनके ही खेत में मिल सके, और उनके फसल उत्पादन में भी वृद्धि हो सके। राजनगर विकासखंड के जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रेम भाई कुशवाहा गोरा की महिला सरपंच कुमारी ज्योति मिश्रा के साथ गोरा उदयपुर एवं माझागोवा ग्राम की 25 से अधिक महिलाओं ने इन जल संरचनाओं को देखा। प्रधान संस्था की गतिविधियां जानी प्रधान के टीम कोऑर्डिनेटर सोनू बल, टीम मेंबर के के चौबे ने बताया की संस्था राजनगर विकासखंड के पंचयतो मे काम कर रही। जल संरक्षण, जैविक कृषि, उन्नत बकरी पालन, एवं वृक्षा रोपण मछली पालन , का काम करती है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओ किसानो के आम दानी बड़ सके वो आत्म निर्भर एवं जागरूक हो। जल संरक्षण की दिशा मे भी बेहतर काम हो सके। भ्रमण ने कंपनी के सहयोगी सीआरपी दी। गीता पटेल प्रियंका सेन आरती हरिजन, कमलेश पटेल मास्टर ट्रेनर मौजद रहे।

### रोकी जाएगी मिलावट खोरी

**बुढ़ार।** अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के जिला इकाई उमरिया अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल अपना कार्यकाल संभालते हैं जिले में संचालित हो रहे अनियंत्रित मिलावट खोरी खाद्य पदार्थों के लिए एक्टिव हो जाए है ।

# पूर्व सरपंच की गोली लगने से हुई मौत

## संदिग्ध मामले की जांच में जुटी पुलिस

शहर की विश्वनाथ कॉलोनी निवासी एक युवक को बीती रात गोली लगी थी, जिसके बाद युवक को मिशन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। रात को मिशन अस्पताल के चिकित्सकों ने युवक को झांसी रिफर किया, जहां सोमवार की सुबह युवक की मौत हो गई। मृतक जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम पठापुर का पूर्व सरपंच भी है। युवक को गोली कैसे लगी यह जानकारी फिलहाल सामने नहीं आ सकी है। सिटी कोतवाली पुलिस ने सोमवार को जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम कराकर संदिग्ध मामले की विवेचना शुरू कर दी है।



**छतरपुर।**

विश्वनाथ कॉलोनी के होटल रीजेंसी के पीछे रहने वाले रामस्वरूप पुत्र नौनी यादव ने बताया कि उसके पास रविवार की रात करीब 10 बजे मिशन हॉस्टिपल से फोन आया था कि उसका छोटा भाई कैलाश यादव उम्र 45 वर्ष किसी दुर्घटना में घायल हो गया है। सूचना मिलते ही रामस्वरूप अन्य परिजनों के साथ मिशन हॉस्टिपल पहुंच गए थे, जहां उन्हें बताया गया कि कैलाश को गोली लगी है। करीब 3 से 4 घंटे तक मिशन हॉस्टिपल में कैलाश का इलाज करने के बाद चिकित्सकों ने रात करीब 2 बजे उसे झांसी रेफर कर दिया। झांसी में सुबह तक कैलाश का इलाज चला और वह परिजनों से बात भी करने लगा था लेकिन सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच अचानक कैलाश की मौत हो गई। मृत अवस्था में परिजन कैलाश को छतरपुर वापिस लाए, जहां जिला अस्पताल में सिटी कोतवाली पुलिस की मौजूदगी में उसका पोस्टमार्टम कराया गया। रामस्वरूप के मुताबिक मौत से पहले कैलाश ने सिर्फ इतना बताया था कि उसे फोरलेन पर गोली लगी थी। घटना कैसे हुई और किसने गोली चलाई इस बारे में किसी को भी जानकारी नहीं है। मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस बारीकी से मामले की जांच कर रही है।

### इनका कहना है

पुलिस को सूचना मिली थी कि विश्वनाथ कॉलोनी निवासी युवक को गोली लगी है। युवक को इलाज के लिए झांसी रेफर किया गया था, जहां सोमवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। छतरपुर जिला अस्पताल में सोमवार को पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद पुलिस ने जीरो पर मर्ग कायम कर जांच शुरू की है, जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

**अमन मिश्रा**
**सीएसपी, छतरपुर**

## उप संचालक कृषि बी.पी. सूत्रकार को निलंबित कर प्रभार डॉ. सुरेश पटेल को सौंपा गया

### कमिश्नर सागर ने कलेक्टर के प्रस्ताव पर की निलंबन की कार्रवाई



**छतरपुर।**

संभागायुक्त सागर वीरेंद्र सिंह रावत ने छतरपुर जिले के उप संचालक कृषि बी.पी. सूत्रकार को पदीय दायित्वों के निर्वहन में स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कमिश्नर द्वारा यह कार्रवाई कलेक्टर छतरपुर संदीप जी.आर. के प्रस्ताव पर की गई है। गत 4 दिसंबर को जिले में खाद वितरण का निरीक्षण अपर कलेक्टर एवं एसडीएम बिजावर द्वारा मेसर्स प्रभु दयाल अग्रवाल ग्रेन मर्चेंट एवं कमीशन एजेंट गुलगंज के गोदाम में दबिश देकर 650 बोरी यूरिया का अवैध स्टॉक जब्त कर गोदाम को सील किया गया एवं उप संचालक कृषि द्वारा खाद वितरण की मॉनिटरिंग नहीं किया जाकर खाद वितरण में अनियमितता किया जाना पाया गया। साथ ही श्री सूत्रकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत निर्धारित दायित्वों में रुचि नहीं ली जा रही है।उक्त कृत्य के लिए बी.पी. सूत्रकार उपसंचालक कृषि को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 09 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री सूत्रकार का मुख्यालय कार्यालय संयुक्त संचालक कृषि विभाग सागर संभाग नियत किया गया है। इन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

### उप संचालक कृषि का प्रभार डॉ. सुरेश पटेल को सौंपा



कमिश्नर वीरेन्द्र सिंह रावत ने उप संचालक कृषि छतरपुर डॉ. बी.पी. सूत्रकार के निलंबन होने के फलस्वरूप उपसंचालक कृषि एवं परियोजना संचालक आत्मा छतरपुर का प्रभार सहायक संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास डॉ. सुरेश पटेल को सौंपा है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

## 50 वर्ष पूर्ण होने पर जीसीएम कॉन्वेंट स्कूल में मनाया गया गोल्डन जुबली कार्यक्रम

**नौगांव।**

नगर में पिछले 50 वर्षों से संचालित जीसीएम कॉन्वेंट स्कूल को 50 वर्ष पूर्ण हो गए हैं, संस्था में शैक्षणिक गतिविधियों की शुरुवात सन 1973 में हुई, नौगांव नगर में संचालित जीसीएम कॉन्वेंट स्कूल जिसे 50 वर्ष पूरे हो चुके हैं।

इस उपलब्धि को लेकर विद्यालय में एक गोल्डन जुबली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि रहे छतरपुर जिले के एसपी अमित सांघी, बिशफ जोसेफ कोडकलील अध्यक्ष डायोसेशन सोसाइटी सतना, नपा अध्यक्ष अनूप तिवारी, तहसीलदार संदीप तिवारी, शिक्षा के क्षेत्र में जीसीएम कॉन्वेंट स्कूल ने अभूतपूर्व ख्याति प्राप्त की है। इस ऐतिहासिक गोल्डन जुबली कार्यक्रम में जीसीएम कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में कई थीम, भक्ति गीत, संगीत में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में नौगांव नगर के लोग एवं जो छात्र, छात्राएं हैं अध्यन करते हैं उनके अभिभावक भी मौजूद रहे, कार्यक्रम में बड़ी तादात में लोग पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रज्ज्वलित कर की गई एसपी अमित सांघी सहित कार्यक्रम में पधारे अतिथिगणों ने दीप प्रज्ज्वलित किया इसके बाद कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को एसपी



अमित सांघी ने संबोधित किया जहां उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा की पढ़ाई में बच्चे तनाव न लें अपने लक्ष्य पर ध्यान दें, जरूरत पड़ने पर ही मोबाइल चलाएं, मोबाइल में पूरी दुनिया है इसके दुष्प्रभाव अधिक हैं छात्र छात्राओं के माता पिता से भी कहा एसपी बोले मोबाइल चेक करते रहें बच्चे मोबाइल पर क्या कर रहे हैं, कार्यक्रम में दसवीं एवं बारहवीं के छात्र छात्राओं को सील्ड देकर सम्मानित किया गया।

### गोल्डन जुबली कार्यक्रम मनाने विद्यालय परिषर में हुई भव्य सजावट

गोल्डन जुबली कार्यक्रम मनाने पिछले एक सप्ताह से विद्यालय में चल रही तैयारियां जिसमे विद्यालय परिषर को भव्य रूप से सजाया गया एवं कार्यक्रम के लिए विशाल मंच बनाया गया जहां मुख्यातिथियों को सील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसडीओपी चंचलेश मरकाम, नौगांव थाना प्रभारी सतीश सिंह सहित विद्यालय स्टाफ से सिस्टर सौमिनी, शालिनी शर्मा और उनकी टीम गणमान्य नागरिक और पत्रकारगण मौजूद रहे।

## हास्य अभिनेता असरानी के नाम रही खजुराहो फिल्म महोत्सव की दूसरी शाम

### शोले फिल्म के डायलॉग सुनकर रोमांचित हुए दर्शक, केंद्रीय मंत्री हुए शामिल



**खजुराहो।**

पर्यटन नगरी कर पाहिल वाटिका के मुक्ताकाशी मंच पर आयोजित किए जा रहे नौवें खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की दूसरी शाम बॉलीवुड के मशहूर हास्य अभिनेता असरानी के नाम रही। असरानी ने प्रख्यात फिल्म शोले के डायलॉग सुनाए, जिन्हें सुनकर उपस्थित दर्शक रोमांचित हो उठे और पूरा परिसर तालियों से गूंज उठा। दूसरी शाम केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर और उत्तर प्रदेश के मंत्री रामकेश निषाद ने भी आयोजन में शिरकत की। इसके अलावा अन्य फिल्मी कलकारों ने मंच पर प्रस्तुतियां दीं।

अपने उद्बोधन में हास्य अभिनेता असरानी ने कहा कि- हम फिल्मों में वही बोलते हैं, जो हमारे डायरेक्टर हमसे बोलने के लिए कहते हैं, लेकिन इस तरह के आयोजनों में हम आपसे रूबरू होकर अपने दिल की बात कह पाते हैं। उन्होंने कहा कि खजुराहो में एक बड़ा थियेटर स्थापित कराने की मंशा जाहित करते हुए दर्शकों को अपने अंदाज में प्रणाम किया और कहा कि हम कलाकारों के लिए दर्शकों की तालियां, सीटियां ऑक्सीजन की तरह होती हैं। वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए कहा कि वे नशा मुक्त देश बनाने के लिए अभियान चला रहे हैं। उन्होंने फिल्म जगत के लोगों से नशे से दूर रहने के प्रति जागरुक करने वाली फिल्में बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने मंच से उपस्थित जनसुमदाय को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। मंचीय कार्यक्रम के दौरान अभिनेता असरानी को आयोजन समिति ने भारत गौरव सम्मान से नवाजा। वहीं केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री रामकेश निषाद सहित अन्य अतिथियों को राजा बुन्देला ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आयोजन के संयोजक राजा बुंदेला ने बताया कि इस वर्ष का महोत्सव मेगा स्टार श्रीदेवी को समर्पित है। 22 दिसंबर तक चलने वाले इस फिल्म महोत्सव में फिल्म जगत की जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी।




## 28 साल से फरार इनामी अपराधी को बंगाल की खाड़ी से पकड़कर लाई पुलिस

**छतरपुर।**

जिले के सरवई थाने में दर्ज धारा 456 भादवि, 3(1)(2) एससी-एसटी एक्ट के मामले में पिछले 28 वर्षों से फरार 10 हजार रुपए के इनामी बदमाश को छतरपुर पुलिस द्वारा बंगाल की खाड़ी से गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि आरोपी पुलिस को गुमराह करने के लिए पहचान छिपाते हुए अपना नाम एवं धर्म बदलकर बंगाल की खाड़ी में रह रहा था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उक्त आरोपी की सरवई पुलिस द्वारा निरंतर तलाश की जा रही थी। आरोपी को वर्ष 1997 में न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई थी लेकिन तभी से वह फरार था। उच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2015 में आरापी के विरुद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था, साथ ही पुलिस अधीक्षक ने गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम उद्घोषित किया था। पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कड़ी मशक्कत की। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी नाम व पहचान बदलकर नजबुल शेख के नाम से ग्राम करनजलि थाना कुल्पी जिला साउथ 24 परगना सुंदरवन (पश्चिम बंगाल) में रह रहा है। छतरपुर पुलिस ने प?श्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर कोर्ट से आरोपी की असली जानकारी ली और पुष्टि के बाद गिरफ्तारी के लिए ट्रांजिट वारंट जारी कराकरप आरोपी को गिरफ्तार कर लिा। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद छतरपुर जेल में दाखिल किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सरवई उप निरीक्षक अतुल कुमार झा, प्रधान आरक्षक राकेश कुमार, शिवस्वरूप त्रिपाठी, आरक्षक सुनील कुमार, अमित राजपूत, अतुल कुमार मिश्रा के अलावा साइबर सेल के संदीप तोमर और धर्मराज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## धूमधाम से निकली भगवान राम की बारात, शहरवासी बने बाराती



### राम-जानकी मंदिर में धूम-धाम से मनाई गई विवाह पंचमी

**छतरपुर।** शहर के पठापुर रोड स्थित राम-जानकी मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विवाह पंचमी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विधि-विधान से भगवान राम और माता जानकी का विवाह हुआ। विवाह से पहले शहर की चेतगिरी कॉलोनी निवासी रामकिशोर तिवारी के निवास से आयोजन स्थल तक भगवान राम की बारात निकाली गई जिसमें शहरवासी बाराती बनकर शामिल हुए। बारात निकलने के दौरान रास्ते में डॉक्टर सेंगर और उनके परिवार के अलावा जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर बारात का स्वागत किया। मंदिर के द्वार पर बारातियों का वधु पक्ष ने आत्मीय स्वागत किया और इसके बाद सभी ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। बारात में शामिल भगवान राम के दिव्य दरबार की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। बारात के बाद राम-जानकी मंदिर में विवाह की अन्य रस्में पूरी हुईं। संपूर्ण आयोजन में शहर के हजारों लोगों ने सहभागिता निभाई।

## खबर संक्षेप



### शहर में नगर निगम की अलाव व्यवस्था जारी

**रीवा।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्रांर्तगत ठंड के दिनों में जगह-जगह पर अलाव की व्यवस्था की जा रही है। शहर के प्रमुख स्थानों जिनमें संजय गॉंधी हास्पिटल, पुराना बस स्टैण्ड, प्राइवेट बस स्टैण्ड, नया बस स्टैण्ड, अटल रैन बसेरा, वृद्धा आश्रम, आश्रय स्थल, सॉई बाबा मंदिर, शंकर जी मंदिर, बिछिया हास्पिटल, फायर स्टेशन, गुड़हाई बाजार, कुठुलिया, गॉंधी मेमोरियल हास्पिटल, सिविल लाइन डीआईजी बॅंगला आदि स्थानों में लगातार व्यवस्था की जा रही है। जिससे बेघर तथा सड़क पर निवासरत लोग ठंड के बढते प्रकोप से खुद को सुरक्षित रख सके तथा ठंड के कारण कोई भी बेघर, बेसहारा व्यक्ति बीमार न हों। उक्त स्थानों पर प्रतिदिन नगर निगम द्वारा नियमित रूप से लकड़ी की व्यवस्था की जाती है तथा सभी स्थानों पर शाम 6 बजे अलाव जलवा दिये जाते है।

### जिले में 15644 टन यूरिया तथा 1273 टन डीएपी है उपलब्ध

**रीवा।** किसानों के लिए खाद की समुचित व्यवस्था की गयी है। रीवा जिले में सहकारी समिति विपणन संघ तथा निजी विक्रेताओं के पास 18 दिसम्बर की स्थिति में 15644.22 टन यूरिया तथा 1273.83 टन डीएपी खाद उपलब्ध है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि जिले के किसान खाद की आपूर्ति के लिए चिंतित न हो। खाद की नियमित आपूर्ति जारी है। किसानों को अगले एक सप्ताह जितनी खाद की जरूरत उसी की खरीद करें। उप संचालक ने बताया कि अब तक किसानों को 18231.23 टन यूरिया तथा 10794.73 टन डीएपी का वितरण किया जा चुका है। सिंगल तथा डबल लाक से प्रतिदिन खाद वितरित की जा रही है। जिस केन्द्र में अधिक संख्या में किसान खाद लेने पहुंच रहे हैं वहां अधिकारियों की निगरानी में टोकन देकर खाद का वितरण किया जा रहा है। वर्तमान में मार्कफेड, सहकारी समिति तथा निजी विक्रेताओं के पास खाद उपलब्ध है। अब तक जिले में 5107.56 टन एनपीके, 37.75 टन म्यूरेट आफ पोटाश तथा 1113.85 टन सिंगल सुपर फास्फेट वितरित की जा चुकी है। डीएपी तथा यूरिया खाद के रैक नियमित रूप से प्राप्त हो रहे हैं।

### पुलिस ने मोटर सायकल चोरी करने वाले युवक को किया गिरफ्तार

**रीवा।** फरियादी पंकज सिंह पिता शैलेंद्र सिंह उम्र 36 वर्ष निवासी ट्रेंड शोरूम के पीछे बरा उर्रहट थाना समान जिला रीवा का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 15/12/2023 को सुबह करीबन 08:30 बजे अपनी होंडा एक्टिवा स्कूटी क्रमांक MP17ZE3540 सफेद रंग से अपने दोस्त गौरव शुक्ला निवासी दुर्गा पार्क के पास नेहरू नगर गया था अपनी स्कूटी को अपने दोस्त के घर के सामने ही खड़ी कर घर के अंदर चला गया था जैसे ही सुबह करीबन 09:20 बजे बाहर आकर देखा तो जहां मैंने अपनी स्कूटी को खड़ी किया था वहाँ पर नहीं थी कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी स्कूटी को चोरी कर ले गया । मेरी स्कूटी का चेसिस नंबर ME4JK156GPD134436 एवं इंजन नंबर JK15ED5134479 है । फरि. की रिपोर्ट पर अप.क्र. 440/23 धारा 379 भादवि का कायम कर विवेचना मे लिया गया विवेचना के दौरान मुखबिर व्दारा सूचना मिलने पर एक संदिग्ध व्यक्ति मिला जिससे नाम पता पूछा गया तो अपना नाम कृष्णजी रजक पिता सुरेश रजक उम्र-19 वर्ष निवासी निवासी - शिवनगर रीवा थाना वि.वि. जिला रीवा (म.प्र.) का होना बताया जिसे अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ कि गई जो दिनांक 15.12.23 को र्गा पार्क के पास नेहरू नगर से होंडा एक्टिवा स्कूटी क्रमांक MP17ZE3540 सफेद रंग चोरी कर ले जाना स्वीकार किया आरोपी के बताये स्थान से चोरी गई मोटर सायकल जब्त कर कब्जे पुलिस लिया गया ।

## रीवा की पुलिस निकली निर्दयी

# चोरी की आरोपी महिला को पीट-पीट कर उतारा मौत के घाट

### फंस गया फरियादी

चोर पुलिस के बीच चलने वाला खेल दशकों पुराना है, चोर चोरी करने से बाज नहीं आता और पुलिस मारने से। चोरी की वारदात हो जाये तो पुलिस चोरी का अपराध दर्ज करने में देर नहीं करती, जानती है कि चोरी का खुलासा न होने पर साल के अंत में खात्मा लग जाना है।

रीवा।




यदि थोड़ी भी सुराग हाथ लग जाये तो पुलिस चोरी का मशरूका बरामद करने के लिए सारे हथकंडे अपना डालती है, यहां तक की हिरासत में रखे चोर से पुलिस जल्लाद जैसा बर्ताव करने में उतारु हो जाती है। कई ऐसी घटनायें हैं जिनमें पुलिस हिरासत में चोर स्वर्ग की ओर कूच कर गये। कई घटनाओं में तो पुलिस फंसे और कई मामले ऐसे भी सामने आये जिनमें पुलिस ने अपने सिर की बला दूसरों पर डाल दी। ऐसा ही कुछ रीवा के संवेदनशील थाना सिविल लाइन में देखने को मिला। जिसमें एक चोरी की महिला आरोपी से पुलिस जल्लाद के रूप में पेश आई और जब चोरी की आरोपी महिला पुलिस की हिरासत में रहते हुए स्वर्ग की ओर कूच कर गई तो जांचकर्ता पुलिस अधिकारी ने पुलिस के छोटे नुमाइंदो को हत्या का दोषी करार देते हुए फरियादी दंपति को भी आरोपी बना दिया। यहां आश्चर्य की बात तो यह है कि चोरी का शिकार हुआ दंपति ही हत्या का आरोपी बन गया। उसका गुनाह बस इतना था कि उनके घर में लाखों रूपये के जेवरात जाने के बाद पुलिस के पास गोहार लगाई। बताते चले कि देर से मिली जानकारी के अनुसार डीएसपी हेड क्वार्टर हिमाली पाठक की जांच उपरांत सिविल लाइन थाना में एएसआई कौशलेंद्र प्रसाद पांडेय, प्रधान आरक्षक विवेक सिंह और महिला आरक्षक खुशबू सिंह सहित फरियादी दंपत्ति के विरूद्ध धारा 302, 303, 331, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। आरोप है कि उपरोक्त लोगों की मारपीट से चोरी की आरोपी महिला रामकली केवट उर्फ जुग्गू निवासी मौरा जिला सीधी हाल पद्मधर कालोनी की मौत हो गई। मारपीट से मौत होने की पुष्टि संजय गांधी अस्पताल में हुए मेडिकल रिपोर्ट पर की गई।

### पुलिस की कैसी गुजरी 30-31 अक्टूबर की रात

फरियादी के घर से 28 अक्टूबर के दिन कमरे के अंदर रखी आलमारी से लगभग 12 लाख रूपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी चले गये। इस बात की खबर फरियादी को दूसरे दिन 29 नवबंर को लगी तो रात ही सिविल लाइन थाना शिकायत करने पहुंचे। मौके पर मिले पुलिस कर्मियों ने रात का हवाला देते हुए फरियादी को लौटा दिया। सिविल लाइन थाना से उम्मीद टूटते हुए फरियादी ने 30 अक्टूबर के दिन 100 डायल को सूचना दी। मौके पर पहुंची एफआरबी में मौजूद पुलिस कर्मियों पर अपने घर में झाड़ू-बर्तन करने वाली पर संदेह जताया। पुलिस कर्मी वहीं रहने वाले सरपंच लाल सिंह के घर से राजकली केवट को हिरासत में लेकर थाना ले आई। और फिर यहां पुलिस की यातना का खेल शुरु हो गया। यातना तब तक चली जब तक की वह मरणासन्न हालत में नहीं पहुंच गई। हालात यह हो गये कि 30-31 के दरम्यानी रात गोपनीय तरीके से पुलिस राजकली को एसजीएमएच ले गई, जहां उसने रात ही दम तोड़ दिया। जिसे पुलिस ने गोपनीय रखा, राजकली की मौत तब उजागर हुई जब उसके परिजन रीवा पहुंच कर फरियादी सहित पुलिस ने हत्या किये जाने का आरोप लगाने लगे।

### एसपी से लेकर राजधानी तक फरियादी ने लगाई गोहार,

**धन के साथ फंस गया धर्म**

फरियादी के पति एक निजी संस्थान में ब्रांच मैनेजर के पद पर है। शादी में मिले लगभग 12 लाख रूपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी हो गये। संदेही महिला की मौत के बाद चोरी गये आभूषण के मिलने की उम्मीद तो खत्म सी हो गई थी। ऊपर से पुलिस ने पति-पत्नी को हत्या का आरोपी बना कर नई आफत और खड़ी कर दी। पुलिस कस्टडी में हुई मौत का जिम्मेदार फरियादी को ही बना दिया महज मृतिका के बयान के आधार पर। यहां आश्चर्य की बात तो यह है कि इस बात की भनक फरियादी तक को पुलिस ने लगने नहीं दी। 7 दिसबंर को कहीं से उड़ती खबर फरियादी को लगी तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। माथे पर हाथ धर कर फरियादी यह सोचने के लिए मजबूर हो गये कि धन तो गया ही अब पुलिस के पास फरियाद लेकर जाने से हत्या जैसे संगीन अपराध में धर्म जा फंस गया। अपनी साफ-सुथरी छवि को बचाने एसपी से लेकर राजधानी तक फरियादी ने गोहार लगाई। फरियादी की गोहार रीवा में तो नहीं सुनी गई। फरियादी अब उच्च न्यायालय से लेकर राजधानी में बैठे जिम्मेवार लोगों से उम्मीद लगाते हुए सुरक्षा की मांग की है।



# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर महाविद्यालय के छात्रों ने धरना प्रदर्शन किया

मऊगंज।

शासकीय शाहिद केदार नाथ महाविद्यालय में A.B.V.P.और L. L.B के छात्रों ने कॉलेज के बाहर 11सूत्रीय मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन किया और छात्रों ने प्राचार्य पर आरोप लगाया कि प्राचार्य द्वारा कॉलेज में कोई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जाता हैं धरने में अधिवक्ता गण भी मौजूद रहे हैं, धरने की मिलते ही एडिशनल एसपी मुन्नालाल चौरसिया और तहसीलदार सौरव मरावी धरनास्थल पर पहुंचे और छात्रों को समझा कर उनका ज्ञापन लिया और तहसीलदार सौरव मरावी के पहल से कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य से बात कर के 11मांगो में से पांच मांग पूरी कराने का आश्वासन दिलाया जिसके बाद छात्रों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

### लेखा समाधान संबंधी बैठक 28 दिसम्बर को

**रीवा।** विधानसभा चुनाव में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों को चुनाव परिणामों की घोषणा के एक माह की अवधि में निर्वाचन व्यय की जानकारी देना आवश्यक है। इस संबंध में उम्मीदवारों तथा उनके लेखा प्रभारियों को प्रशिक्षण देने के लिए 28 दिसम्बर को निर्वाचन व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति में लेखा समाधान बैठक आयोजित की गई है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि इसके पूर्व 22 दिसम्बर को निर्वाचन लेखा दर्ज करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी उम्मीदवारों तथा उनके लेखा प्रभारियों से दोनों बैठकों में उपस्थित रहने का अनुरोध है।

# अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा द्वारा राम विवाह मनाया गया

## जब ते राम ब्याह घर आए नित नव मंगल मोद बधाए





रीवा।

अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा रीवा के द्वारा श्रीराम - सीता विवाह स्थानीय सेलिब्रेशन आनंद एवं उल्लासपूर्ण मनाया गया।पुराणों के अनुसार अगहन मास की पंचमी तिथि विवाह पंचमी के नाम से भी जानी जाती है।क्योंकि इस पुण्य दिन माता सीता का शुभ विवाह मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी के साथ हुआ था। राम विवाह के शुभ अवसर पर महिलाओं ने कलश को सुसज्जित करके धूमधाम से राम बारात निकाली गई।राम सीता की वेशभूषा में सजे बच्चों ने एक दूसरे को जयमाल पहनाई।सभी ने एक दूसरे को बधाई दी और मंगल गीत गाए।जिलाध्यक्ष श्रीमती गीता अग्रवाल ने बताया कि इस उत्सव का आयोजन श्रीमती रानू अग्रवाल एवं शैलजा अग्रवाल ने किया है और सभी को इस शुभ अवसर पर श्रृंगार सामग्री के रूप में सुंदर सी चौकी उपहार स्वरूप भेंट की। स्थानीय होटल सेलिब्रेशन में महिलाओं ने महासभा द्वारा नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मीना बंसल जी को नियुक्ति पर हार्दिक बधाई देकर पुष्प गुच्छ से अभिनंदन किया गया।मीना जी के कुशल मार्गदर्शन में अखिल भारतीय महिला महासभा नवीन ऊंचाइयों की ओर अग्रसर हो ऐसी कामना की गई।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि भावी संतति उनके आदर्शो पर चले और यह शिक्षा ले कि विपरीत परिस्थितियों में वन वन भटकते,रावण की लंका में रहते हुए भी माता सीता एवं श्री राम के निश्चल प्रेम में कभी कमी नहीं आई और आज भी रामसीता की जोड़ी जैसा प्रेम बने ये हर माता पिता अपने बच्चों को उनके विवाह पर आशीष देते है।कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताएं हुई जिसमें कलश सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रीमती स्वाति अग्रवाल एवं द्वितीय श्रीमती गीता अग्रवाल,तृतीय लता संथालिया, राखी अग्रवाल ने अर्जित किया जिन्हें महासभा ने गिफ़्ट देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महामंत्री श्रीमती राखी अग्रवाल श्रीमती लता, अंजू, खुशबू, शिप्रा, रक्षा, संध्या, पूजा, प्रीती, उषा, स्वाति, अनीता, सुनयना, दीपिका, शिल्पी, नीतू, अंजू, स्वाति, सारिका, आदि सभी महिलाएं लाल और पीले परिधान से सुसज्जित होकर आई और सीता राम जी को पहले मेंहदी एवं हल्दी लगाई और फिर आनंद के साथ विवाह में शामिल हुई। राम के वेश में ऐशु और सीता के वेश में अवनी ने सभी के मन को मोह लिया।कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया।उक्ताशय की जानकारी मीडिया प्रभारी मनोज अग्रवाल ने दी।

# सीएम हेल्पलाइन के लंबित पत्रों का निराकरण कर प्रतिवेदन दें

## सीएम हेल्पलाइन के डी श्रेणी के सभी विभाग 7 दिन में इससे बाहर आएं - कलेक्टर



### विकसित भारत संकल्प यात्रा की जानकारी प्रतिदिन ऑनलाइन दर्ज करें - कलेक्टर

रीवा।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि कई विभागों में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। कार्यालय प्रमुख लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जो विभाग डी श्रेणी में हैं उनके प्रभारी अधिकारी लंबित आवेदनों का सात दिवस में निराकरण करके विभाग को इस श्रेणी से बाहर लाएं। महिला एवं बाल विकास विभाग, पीएचई, स्वास्थ्य विभाग, अग्रणी बैंक प्रबंधक, आदिमजाति कल्याण विभाग, जल संसाधन विभाग, शिक्षा विभाग, पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, पेंशन विभाग तथा ऊर्जा विभाग में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। सभी अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करें।

कलेक्टर ने कहा कि शासन की उच्च प्राथमिकता की विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले भर में लगातार जारी है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 12 प्रचार वाहन प्रतिदिन दो स्थानों पर आमजनता को योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। हितग्राहियों को विभिन्न विभागों की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी इन कार्यक्रमों में चिकित्सा शिविर अनिवार्य रूप से लगाकर प्रतिदिन ऑनलाइन प्रतिवेदन दर्ज कराएं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संकल्प यात्र की मॉनीटरिंग के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की तैनाती करें। सभी कार्यालय प्रमुख संकल्प यात्रा के दौरान लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी एवं फोटो संभागीय जनसंपर्क कार्यालय को उपलब्ध कराकर उसका प्रचार-प्रसार कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम संकल्प यात्रा तथा धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर इसकी मानीटरिंग करें। राजस्व विभाग तथा जाति प्रमाण पत्र से संबंधित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण करने के लिए तहसील स्तर पर शिविर लगाएं। भू-अर्जन तथा भूमि अधिग्रहण के प्रस्ताव तत्काल प्रस्तुत करें। अधीक्षण यंत्री विद्युत मंडल तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास आंगनवाड़ी केन्द्रों में विद्युत कनेक्शन की सात दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सभी कार्यालय प्रमुख पेंशन प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र तथा अग्रणी बैंक प्रबंधक स्वरोजगार योजनाओं के लंबित प्रकरणों को स्वीकृत कराकर इनका वितरण कराएं जिससे योजनाओं की शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति हो सके। एसडीएम ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बनाए गए अमृत सरोवरों को खसरे में दर्ज करा दें जिससे उनमें मछली पालन के प्रकरण बन सकें। कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में सौंपे गए दायित्व का निर्वहन न करने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। न्यायालयीन प्रकरणों में जवाबदावा प्रस्तुत न करने पर जिला शिक्षा अधिकारी को भी वेतन वृद्धि रोकने का नोटिस देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को न्यायालय में लंबित सभी प्रकरणों में सात दिवस की समय सीमा में जवाबदावा अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, सहायक कलेक्टर सोनाली देव, सभी एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




# रीवा-अयोध्या के बीच नई ट्रेन चलाने की उठी मांग

### रीवा सांसद ने मण्डल रेल प्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे को लिखा पत्र

रीवा।

रीवा। रीवा से अयोध्या के लिए नई ट्रेन चलाने की मांग रीवा सांसद ने उठाई है। इस बाबत रीवा सांसद जर्नादन मिश्र ने मण्डल रेल प्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे को पत्र लिखा है। इस पत्र में रीवा सांसद ने लेख किया है कि विंध्य क्षेत्र रीवा, सतना से अयोध्या के लिए कोई भी यात्री ट्रेन नहीं है, जिसके चलते रीवा, सतना, सीधी, मानिकपुर, डभौरा, शंकरगढ़ के तीर्थ यात्रियों को अयोध्या पहुँचने परेशानी का सामना करना पड़ता है। यदि रीवा से अयोध्या 365 किलोमीटर की दूरी में यह ट्रेन चलाई जाती है तो रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होगी और यात्रियों को भी सुविधा मिल जायेगी। इस लिहाज से रीवा सांसद ने रीवा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़ होते हुए अयोध्या तक ट्रेन चलाने की मांग पत्र में उल्लेखित है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या तीर्थ स्थल का गौरवशाली सनातनी अतीत है। इस कारण विंध्य क्षेत्र के भी लाखों हिंदू धर्मावलम्बी अयोध्या जाने आतुर रहते हैं परंतु सीधे अयोध्या जाने तक ट्रेन न मिलने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी के मद्देनजर रीवा सांसद ने उक्त पत्र रेल प्रशासन को लिखा है।